जगदम्बे आरती

—-------------आरती के बोल—-----------
ॐ जय जगदम्बे माँ , मईया जय जगदम्बे माँ
ममता मई , करुणा मई……….2
भक्तन शीतल छा
ॐ जय जगदम्बे माँ , मईया जय जगदम्बे माँ
ॐ जय जगदम्बे माँ , मईया जय जगदम्बे माँ
ममता मई , करुणा मई…………..2
भक्तन शीतल छा
ॐ जय जगदम्बे माँ , मईया जय जगदम्बे माँ

1) शैलपुत्री शाकुंभरी , सत्य सनातन माँ
सरला साम्भवी समता , सन्तन को धन माँ
ॐ जय जगदम्बे माँ

2) ब्रह्म विद्या ब्रह्म रूपा , ब्रह्म चारिणी है
भय हरणी भ्रम नासनी , तू भव तारिणी है
ॐ जय जगदम्बे माँ

3) चेतन चित प्रकाशनी , चन्द्र घण्टा माई
माया मुलाधारणी , मनसा सुख दाई
ॐ जय जगदम्बे माँ

4) कुष्मांडा कात्यायनी , जय स्कन्द माता
कालरात्रि कामाक्षा , कमला सुख दाता
ॐ जय जगदम्बे माँ

5) ज्ञाता ज्ञान गायत्री , ज्ञेय महा गौरी
गंगा गीता गोमयी , गोदा अति भोरी
ॐ जय जगदम्बे माँ

6) सकल सृष्टि संचालिनी , सर्व सिद्धि दात्री
परमेश्वरी पावनी , परा शक्ति मात्री
ॐ जय जगदम्बे माँ

7) आत्म अलख अगोचर , अविगत अविनाशी
अखण्ड अरूप अनामय , अम्बे सुखे राशी
ॐ जय जगदम्बे माँ

8) जगदम्बे की आरती , जो कोई गावे
भूलन भाव हो जैसा , तैसा फल पावे
ॐ जय जगदम्बे माँ

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33867/title/jagdambe-aarti

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |